न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, शिव

(पीठासीन अधिकारी श्री यक्ष चौधरी, IAS)

राजस्व वाद संख्या 34/2025 | अन्तर्गत धारा 53, 188 RT Act.

वादीगण	बनाम	प्रतिवादीगण
राणाराम पुत्र बीजाराम जाति कुमावत, निवासी नया नागड़दा तहसील शिव, जिला बाड़मेर		1. खेताराम पुत्र सोनाराम जाति कुमावत, निवासी गूंगा तहसील शिव, जिला बाड़मेर 2. किसनाराम पुत्र कुटलाराम 3. फूसाराम पुत्र कुटलाराम 4. मानाराम पुत्र कुटलाराम जाति कुम्हार, निवासी गुलबोणियों की ढाणी तहसील शिव, जिला बाड़मेर 5. शाखा प्रबंधक, आईसीआईसीआई बैंक कानासर 6. शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा शिव 7. राज0 राज्य जरिये तहसीलदार शिव

उपस्थित :– अधिवक्ता वादी – श्री बृजमोहन कुमावत।
अधिवक्ता प्रतिवादी संख्या 1 से 4 – श्री अभयसिंह राठौड़।

–:: निर्णय ::–

दिनांक : 23.05.2025

उभयपक्ष अधिवक्ता की बहस सुनी गई एवं पत्रावली का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया गया। वाद में वादी द्वारा वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 1 से 4 की संयुक्त खातेदारी भूमि मौजा नागड़दा, तहसील शिव के खसरा नम्बर 452 रकबा 21.5535 हैक्टेयर में अपने खातेदारी हिस्सा 360/2663 अर्थात 2.9137 हैक्टेयर भूमि का मौके पर कब्जा काश्त अनुसार विभाजन किये जाने का अनुतोष चाहा गया है। चूंकि वर्तमान में पक्षकारान् के मध्य आपसी सहमति हो जाने से प्रतिवादीगण द्वारा इकबाली जवाब पेश कर जवाबदावा के संलग्न परिशिष्ट 'अ' अनुसार विवादित आराजी का विभाजन किये जाने बाबत् पूर्ण रूप से सहमति प्रदान की गई। उभयपक्ष अधिवक्ता द्वारा अपनी बहस में जवाबदावा के संलग्न पेश परिशिष्ट 'अ' अनुसार डिक्री जारी कर वादग्रस्त भूमि विभाजित किये जाने में अपनी सहमति व्यक्त की गई है। अतः उक्त स्थिति में उभयपक्ष में सहमति हो जाने से जवाबदावा के संलग्न पेश परिशिष्ट 'अ' अनुसार वाद स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

लिहाजा माफिक जवाबदावा के संलग्न परिशिष्ट 'अ' अनुसार वाद स्वीकार किया जाकर तहसील शिव, पटवार मण्डल नागड़दा के ग्राम नागड़दा के खेत खसरा नम्बर 452 रकबा 21.5535 हैक्टेयर भूमि निम्नानुसार पक्षकारान् के नाम के आगे अंकित मुताबिक पृथक खातेदारी में घोषित की जाती है –

क्र. सं.	नाम खातेदार	राजस्व ग्राम	खसरा नम्बर	रकबा (हैक्ट. में)	किस्म	लगान	वरंग
1	राणाराम पुत्र बीजाराम हिस्सा 360/2663जाति कुमावत सा. नया नागड़दा खातेदार	नागड़दा	452	2.9137	बा.दो.	–	लाल
2	1. किसनाराम पुत्र कूटलाराम हिस्सा 1/3 जाति कुम्हार सा. देह खातेदार रहन आईसीआईसीआई बैंक कानासर 2. खेताराम पुत्र सोनाराम हिस्सा 440/2663 जाति कुमावत सा.गूंगा खातेदार 3. फूसाराम पुत्र कूटलाराम हिस्सा 263/7989 जाति कुम्हार सा. देह खातेदार 4. मानाराम पुत्र कूटलाराम हिस्सा 1/3 जाति कुम्हार सा. देह खातेदार रहन बैंक ऑफ बड़ौदा शिव	नागड़दा	452	18.6398	बा.दो.	–	

Signature Not Verified
Digitally signed by Yaksh Chaudhary
Date: 2025.06.04 14:59:46 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर
(SDO) शिव

Scanned with OKEN Scanner

तहसीलदार शिव को इसी अनुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करने एवं नक्शा ट्रेस में प्रस्ताव परिशिष्ट 'अ' अनुसार परिवर्तन सुनिश्चित करने के आदेश दिये जाते है। पक्षकारों को राजस्व रेकर्ड अनुसार बराबर हिस्सा मिल रहा है। बैंक हित उक्त निर्णय से अप्रभावित रहेंगे। सहमति जवाबदावा के संलग्न प्राप्त नक्शा परिशिष्ट 'अ' निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। तदनुसार डिक्री पर्चा जारी हो।

सहायक कलक्टर
(SDO) शिव

सहायक कलक्टर
(SDO) शिव

निर्णय आज दिनांक 23.05.2025 सरे इजलास सुनाया गया।

सहायक कलक्टर
(SDO) शिव

सहायक कलक्टर
(SDO) शिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Yaksh Chaudhary
Date: 2025.06.04 14:59:46 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner